संयुक्त राष्ट्र संघ की प्रमुख संस्थाएं, उद्देश्य और कार्यक्रम

samanyagyan.com/hindi/gk-united-nations-objectives-and-programs

संयुक्त राष्ट्र संघ (United Nations Organisations) एक अंतरराष्ट्रीय संगठन है, जिसका उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय सहयोग और शांति को बनाए रखना है। यह संघटन अंतरराष्ट्रीय कानून को सुविधाजनक बनाने, अन्तर्राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति और मानव अधिकारों की रक्षा करने के लिए भी कार्यरत है।

संयुक्त राष्ट्र संघ का इतिहास (History of UNO):

वर्ष 1914 से 1918 के मध्य चले **प्रथम विश्व युद्ध (First world war)** में बहुत बड़े स्तर पर जन और धन की हानि हुई थी, इसे देखते हुये विश्व के सभी देशों को एक ऐसे अंतरराष्ट्रीय संगठन की आवश्यकता महसूस होने लगी जो अंतरराष्ट्रीय देशों के मध्य सहायोग को बढ़ाने का कार्य करे तथा **द्वितीय विश्व युद्ध (second world war)** को होने से रोके जिस कारण 10 जनवरी 1920 में "लीग ऑफ नेशन्स" (League of Nations) की स्थापना की गई।

प्रारंभ में लीग ऑफ नेशन्स ने बहुत अच्छा काम किया परंतु समय बीतने के साथ देशों के मध्य विवाद बढ़ने लगे और लीग ऑफ नेशन्स असफल होने लगा और आखिर कर लीग ऑफ नेशन्स असफलता के कारण वर्ष 1939 से 1945 के मध्य **द्वितीय विश्व युद्ध** हुआ जो पहले की अपेक्षा काफी अधिक हिंसक और त्रासदी भरा था। इस घटना के बाद विश्व के सभी देशो को लगने लगा की उन्हें एक बड़े और शक्तिशाली अंतरराष्ट्रीय संगठन की आवश्यकता है, जिस कारण लीग ऑफ नेशन्स को खत्म करके उसके उतराधिकारी के रूप में 24 अक्टूबर 1945 में संयुक्त राष्ट्र संघ (UNO) की स्थापना की गई।

वर्तमान में संयुक्त राष्ट्र मे 193 देश है, विश्व के लगभग सारे अन्तर्राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त देश। इस संस्था की संरचन में आम सभा, सुरक्षा परिषद (security Council), आर्थिक व सामाजिक परिषद (economic and social council), सचिवालय और अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (International Court of Justice) सम्मिलित है।

संयुक्त राष्ट्र संघ का ध्वज:

संयुक्त राष्ट्र के ध्वज को 1947 में आधिकारिक प्रतीक के रूप में अंगीकृत किया गया ध्वज में हल्के नीले रंग की पृष्ठभूमि के अंतर्गत सफेद रंग से विश्व के वृत्ताकार मानचित्र (जैसाकि उत्तरी ध्रुव से दिखाई देता है) को दर्शाया गया है, जो जैतून की शाखाओं के हार द्वारा घिरा हुआ है। जैतून की शाखाएं शांति का प्रतीक हैं।

संयुक्त राष्ट्र संघ का मुख्यालय:

संयुक्त राष्ट्र का मुख्यालय न्यायर्क में है। 14 दिसंबर, 1946 को संयुक्त राष्ट्र ने अपना मुख्यालय **संयुक्त राज्य अमेरिका** में रखने के पक्ष में मतदान किया। न्यूयार्क में ईस्ट नदी के किनारे सात हेक्टेयर भूमि खरीदने के लिए अमेरिका के जॉन डी. रॉकफेलर जूनियर ने 85 लाख डॉलर की रकम दान में दी। नगर प्रशासन द्वारा भी उस क्षेत्र में कुछ अतिरिक्त भूमि उपलब्ध करायी गयी। संगठन की इमारत 1952 में बनकर तैयार हुई। न्यूयार्क के लांग आईलैंड में **लेक सक्सेस** पर अस्थायी मुख्यालय बनाया गया था। 10 जनवरी, 1946 को लंदन में महासभा का प्रथम सत्र आयोजित हुआ था।

संयुक्त राष्ट्र संघ की राजभाषा:

संयुक्त राष्ट्र ने 6 भाषाओं को "राज भाषा" स्वीकृत किया है (अरबी, चीनी, अंग्रेज़ी, फ़्रांसीसी, रूसी और स्पेनी), परंतु इन में से केवल दो भाषाओं को **संचालन भाषा** (operating language) माना जाता है (अंग्रेज़ी और फ़्रांसीसी)।

स्थापना के समय, केवल चार राजभाषाएं स्वीकृत की गई थी (चीनी, अंग्रेज़ी, फ़्रांसीसी, रूसी) और 1973 में अरबी और स्पेनी को भी सम्मिलित किया गया। इन भाषाओं के बारे में विवाद उठता रहता है। कुछ लोगों का मानना है कि राजभाषाओं की संख्या 6 से एक (अंग्रेज़ी) तक घटाना चाहिए, परंतु इनके विरोध है वे जो मानते है कि राजभाषाओं को बढ़ाना चाहिए। इन लोगों में से कई का मानना है कि हिंदी को भी संयुक्त राष्ट्रसंघ की आधिकारिक भाषा बनाया जाना चाहिए।

संयुक्त राष्ट्र अमेरिकी अंग्रेज़ी की जगह ब्रिटिश अंग्रेज़ी का प्रयोग करता है। 1971 तक चीनी भाषा के परम्परागत अक्षर का प्रयोग चलता था क्योंकि तब तक संयुक्त राष्ट्र **ताइवान** के सरकार को चीन का अधिकारी सरकार माना जाता था। जब तईवान की जगह आज के चीनी सरकार को स्वीकृत किया गया, संयुक्त राष्ट्र ने सरलीकृत अक्षर के प्रयोग का प्रारंभ किया।

संयुक्त राष्ट्र संघ का उद्देश्य

संयुक्त राष्ट्र के मुख्य उद्देश्य हैं युद्ध रोकना, मानव अधिकारों की रक्षा करना, अंतर्राष्ट्रीय कानूनी प्रक्रिया, सामाजिक और आर्थिक विकास उभारना, जीवन स्तर सुधारना और बिमारियों की मुक्ति हेतु इलाज। सदस्य राष्ट्र को अंतर्राष्ट्रीय चिंताएं और राष्ट्रीय मामलों को संभालने का मौका मिलता है। इन उद्देश्य को निभाने के लिए 1948 में मानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा प्रमाणित की गई।

संयुक्त राष्ट्रसंघ के महतवपूर्ण तथ्य:-

स्थापना	24 अक्टूबर, 1945
संस्थापक सदस्य	51 देश
मुख्यालय	न्यूयॉर्क (सं० रा० अमेरिका)
वर्तमान सदस्य संख्या	193 (अंतिम सदस्य द० **सूडान**)
लक्ष्य और उद्देश्य	शांति एवं सुरक्षा
कार्यकारी भाषाएँ	अंग्रेजी तथा फ्रेंच
प्रथम महासचिव	ट्रिग्वेली (नार्वे)
वर्तमान महासचिव	एंटोनियो गुतेरस (पुर्तगाल)
सुरक्षा परिषद की कुल सदस्य संख्या	15
सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य देशों संख्या	5 (सं. रा. अमेरिका, चीन, ब्रिटेन, फ्रांस, रूस)
सुरक्षा परिषद के अस्थायी सदस्य देशों संख्या	10 (कार्यकाल 2 वर्ष)
महासचिव का कार्यकाल	5 वर्ष

संयुक्त राष्ट्र संघ की प्रमुख स्वतंत्र संस्थाएं, मुख्यालय, तथा स्थापना वर्ष की सूची:-

संस्था	**अध्यक्ष**	**मुख्यालय (स्थापना वर्ष)**
खाद्य और कृषि संगठन (FAO)	कु डंगयू	रोम, इटली (1945)
अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (IAEA)	राफेल ग्रॉसी	वियना, ऑस्ट्रिया

अंतर्राष्ट्रीय नागर विमानन संगठन (ICAO)	फेंग लियू	मॉन्ट्रियल, क्यूबेक, कनाडा (1947)
अंतर्राष्ट्रीय कृषि विकास कोष (IFAD)	गिल्बर्ट होंगबो	रोम, इटली (1977)
अंतर्राष्ट्रीय श्रम संघ (ILO)	गाय राइडर	जिनेवा, स्विट्जरलैंड (1919)
अंतर्राष्ट्रीय सागरीय संगठन (IMO)	किटैक लिम	लंदन, यूनाइटेड किंगडम (1948)
अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF)	क्रिस्टालिना जॉर्जीवा	वाशिंगटन, डी.सी., यूनाइटेड स्टेट्स (1945)
अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (ITU)	हौलिन झाओ	जिनेवा, स्विट्जरलैंड (1947)
संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (UNESCO)	ऑड्रे एजोले	पेरिस, फ्रांस (1946)
संयुक्त राष्ट्र औद्योगिक विकास संगठन (UNIDO)	ली योंग	वियना, ऑस्ट्रिया(1967)
विश्व पर्यटन संगठन (UNWTO)	जुरब पोलोलिकाशविल्ली	मैड्रिड, स्पेन (1974)
सार्वभौमिक डाक संघ (UPU)	बिशार अब्दिरहमान हुसैन	बर्न, स्विट्जरलैंड
विश्व बैंक (WBG)	डेविड मैलाग	वाशिंगटन, डी.सी., यूनाइटेड स्टेट्स (1944)
विश्व खाद्य कार्यक्रम (WFP)	डेविड ब्यासले	रोम, इटली (1963)
विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)	टेड्रोस अधनोम	जिनेवा, स्विट्जरलैंड (1948)
विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (WIPO)	फ्रांसिस गुर्री	जिनेवा, स्विट्जरलैंड (1974)
विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO)	पेट्री तालास	जिनेवा, स्विट्जरलैंड (1950)

संयुक्त राष्ट्र संघ के अपने कई कार्यक्रमों और एजेंसियों के अलावा 14 स्वतंत्र संस्थाओं से इसकी व्यवस्था गठित होती है। स्वतंत्र संस्थाओं में विश्व बैंक, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व स्वास्थ्य संगठन शामिल हैं। इनका संयुक्त राष्ट्र संघ के साथ सहयोग समझौता है।

इन्हें भी पढे: संयुक्त राष्ट्र के महासचिवों के नाम, कार्य एवं शक्तियाँ

संयुक्त राष्ट्र संघ की कुछ प्रमुख संस्थाएं और कार्यक्रम:

- **अंतर्राष्ट्रीय परमाणु उर्जा एजेंसी:** विएना में स्थित यह एजेंसी परमाणु निगरानी का काम करती है।
- **अंतर्राष्ट्रीय अपराध आयोग:** हेग में स्थित यह आयोग पूर्व यूगोस्लाविया में युद्ध अपराध के सदिंग्ध लोगों पर मुक़दमा चलाने के लिए बनाया गया है।
- **संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ़):** यह बच्चों के स्वास्थय, शिक्षा और सुरक्षा की देखरेख करता है।
- **संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी):** यह ग़रीबी कम करने, आधारभूत ढाँचे के विकास और प्रजातांत्रिक प्रशासन को प्रोत्साहित करने का काम करता है।
- **संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास सम्मेलन:** यह संस्था व्यापार, निवेश और विकस के मुद्दों से संबंधित उद्देश्य को लेकर चलती है।

- **संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक परिषद (ईकोसॉक):** यह संस्था सामान्य सभा को अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक एवं सामाजिक सहयोग एवं विकास कार्यक्रमों में सहायता एवं सामाजिक समस्याओं के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय शांति को प्रभावी बनाने में प्रयासरत है।
- **संयुक्त राष्ट्र शिक्षा, विज्ञान और सांस्कृतिक परिषद:** पेरिस में स्थित इस संस्था का उद्देश्य शिक्षा, विज्ञान संस्कृति और संचार के माध्यम से शांति और विकास का प्रसार करना है।
- **संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी):** नैरोबी में स्थित इस संस्था का काम पर्यावरण की रक्षा को बढ़ावा देना है।
- **संयुक्त राष्ट्र राजदूत:** इसका काम शरणार्थियों के अधिकारों और उनके कल्याण की देखरेख करना है। यह जीनिवा में स्थित है।
- **विश्व खाद्य कार्यक्रम:** भूख के विरुद्ध लड़ाई के लिए बनाई गई यह प्रमुख संस्था है। इसका मुख्यालय रोम में है।
- **अंतरराष्ट्रीय श्रम संघ:** अंतरराष्ट्रीय आधारों पर मजदूरों तथा श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए नियम वनाता है।

नीचे दिए गए प्रश्न और उत्तर प्रतियोगी परीक्षाओं को ध्यान में रख कर बनाए गए हैं। यह भाग हमें सुझाव देता है कि सरकारी नौकरी की परीक्षाओं में किस प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं। यह प्रश्नोत्तरी एसएससी (SSC), यूपीएससी (UPSC), रेलवे (Railway), बैंकिंग (Banking) तथा अन्य परीक्षाओं में भी लाभदायक है।

संयुक्त राष्ट्र संघ (UNO) - महत्वपूर्ण प्रश्न और उत्तर (FAQs):

प्रश्न: संयुक्त राष्ट्र संघ (UNO) की स्थापना कब हुई थी?

उत्तर: 24 अक्टूबर, 1945 को *(Exam - SSC LDC Aug, 1995)*
प्रश्न: संयुक्त राष्ट्र संघ महासभा की प्रथम महिला अध्यक्ष कौन थी?

उत्तर: विजय लक्ष्मी पण्डित *(Exam - SSC LDC Aug, 1995)*
प्रश्न: संयुक्त राष्ट्र संघ महासभा का अध्यक्ष बनने वाला प्रथम भारतीय कौन था?

उत्तर: वी० के० कृष्णमेनन *(Exam - SSC STENO G-C Mar, 1999)*
प्रश्न: संयुक्त राष्ट्र संघ के स्थायी सदस्यों की संख्या कितनी है?

उत्तर: पाँच *(Exam - SSC CGL Feb, 2000)*
प्रश्न: संयुक्त राष्ट्र संघ का प्रतीक चिह्न किसमें है?

उत्तर: हल्के नीले आधार पर श्वेत केन्द्र भाग *(Exam - SSC CML May, 2002)*
प्रश्न: संयुक्त राष्ट्र संघ विश्व मानव अधिकार घोषणा को कब अंगीकार किया था?

उत्तर: 10 दिसम्बर, 1948 को *(Exam - SSC CML May, 2002)*
प्रश्न: वह देश कौनसा है, जिसने जनमत संग्रह के परिणाम के आधार पर संयुक्त राष्ट्र संघ में एक सदस्य के रूप में शामिल होने का निर्णय लिया गया है?

उत्तर: स्विट्जरलैंड *(Exam - SSC SOC Nov, 2003)*
प्रश्न: संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव की नियुक्ति किसके द्वारा की जाती है?

उत्तर: राष्ट्र मंत्रिपरिषद की सिफारिशों पर महासभा द्वारा *(Exam - SSC CPO Sep, 2006)*
प्रश्न: संयुक्त राष्ट्र संघ के किस घटक के सदस्यों को निषेधाधिकार (Veto) प्राप्त है?

उत्तर: सुरक्षा परिषद *(Exam - SSC CGL Jul, 2008)*
प्रश्न: संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा हर वर्ष 2 अक्टूबर को कौन-सा दिवस घोषित कर दिया क्या है?

उत्तर: अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस *(Exam - SSC CHSL Nov, 2010)*